GODHA
Cabcon & Insulation Ltd.

Date: January13, 2022

To,

The Manager,
Listing Compliance Department,
National Stock Exchange of India Limited,
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
Bandra kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai- 400051.

Subject: Newspaper clipping of Result of Postal Ballot e-voting

Dear Sir / Madam,

In compliance with SEBI(Listing obligation and disclosure Requirement) 2015 the company has made advertisement in newspaper of result of Postal Ballot e-voting for Increase In Authorized CapitalandIssue ofBonus SharesofGodha Cabcon & Insulation Ltd.

In this regard please find enclosed newspaperclipping and oblique.

Thanking You,

Yours Faithfully,

For Godha Cabcon & Insulation Ltd

GODHA CABCON & INSULATION LTD.

Dipesh Godha
Director
DIN: 07529876

36-D, Sector-B,Industrial area, Sanwer Road, INDORE - 452 006 INDIA
T. +91 731 - 4029509 E. info@godhacabcon.com W. www.godhacabcon.com
CIN-L31909MP2016PLC041592

GODHA CABCON& INSULATION LIMITED

CIN: L31909MP2016PLC041592

Register Office:- 36-D, Sector -B, Sanwer Road, Industrial Area, Indore (MP)
E-Mail:- info@godhacabcon.com Website: www.godhacabcon.com

RESULTS OF POSTAL BALLOT (INCLUDING E-VOTING)

It is hereby notified that pursuant to Section 110 of the Companies Act, 2013 read with applicable Companies (Administration & Management) Rules, 2014, Regulation 44 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and in terms of the Postal Ballot Notice dated December 11,2021 to the members, consent of the members was sought for passing of the Resolutions.

Based on the Scrutinizer's Report dated January 12, 2022 the details of the results of the Postal Ballot (including e-voting) are as under:

Item No of the Notice	Particulars	Total No of shares	No. of votes Polled	Total Votes cast in favour		Total Votes cast against	
				No. of shares	% of votes cast in favour on votes polled	No. of shares	% of votes cast against on votes polled
1	Increase in Authorized Share Capital of the Company and consequent Alteration in Capital Clause of the Memorandum of Association of the Company	11104000	8110999	8110999	100%	0	0%
2	Issue of Bonus Shares	11104000	8110999	8110999	100%	0	0%

As per the results of the Postal Ballot/ E-voting the resolutions have been passed with requisite majority.

The result of the Postal Ballot has been displayed on the Notice Board at the Registered Office of the Company, communicated to the Stock Exchange and has also been posted on the website of the Company along with scrutiniser's report.

Registered office:
36-D, Sector B Sanwer Road, Industrial Area Indore MP 452006

Place: Indore
Date: January 12, 2022

By order of the Board
Godha Cabcon & Insulation Limited
Rahul Verma
Company Secretary

एक नजर

पेट्रोल पंप लूटने से पहले ही धराए बदमाश

इंदौर। पुलिस ने ऐसे बदमाशों को घेरा बंदी कर पकड़ा है जो लूट की योजना बना रहे थे। बदमाशों के पास से पुलिस को हथियार भी मिले हैं। सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने महाराजा कांप्लेक्स के तलघर पार्किंग में दबिश दी। टीआई अशोक पाटीदार के अनुसार यहां आरोपी रोहन पिता नरेश बोरासी ,शुभम उर्फ बम पिता पवन , देव उर्फ देवी निवासी विनोबानगर, मनीष निवासी रुस्तम का बगीचा और नीलेश निवासी मालवा मिल बेकरी गली को पकड़ा है । दरअसल यह सभी बदमाश प्लेटफार्म नंबर 6 के सामने एक पेट्रोल पंप को लूटने की योजना बना रहे थे । इन बदमाशों के पास से एक तलवार एक हतोड़ी, आरी, टॉमी, चाकू और बेसबॉल के डंडे सहित शराब की बोतलें भी मिली है।

कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सावन सोनकर का स्वागत



इंदौर। कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर के स्वागत-अभिनंदन का सिलसिला जारी है। खजराना के वरिष्ठ समाजसेवी हाजी उस्मान पटेल फेमस, गुलाम मोइनुद्दीन पटेल और साथियों ने जब सावन सोनकर का स्वागत किया तो आत्मीय स्वागत पाकर सोनकर भाव विभोर हो गए। राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर ने कहा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्राथमिकता से कार्य करेंगे।

दो शातिर मोबाइल स्नैचर पकडाए

इंदौर। क्राइम ब्रांच इन्दौर की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि परदेशीपुरा क्षेत्र दो व्यक्ति चोरी के मोबोइल सस्ते दामो पर बेचने के लिये ग्राहक की तलाश मे है। क्राइम ब्रांच टीम ने थाना परदेशीपुरा के साथ संयुक्त कार्यवाही कर मुखबिर द्वारा बताये स्थान से दोनो व्यक्ति को घेराबंदी पकडा व नाम पता पुछने पर नाम विशाल मालवीय उर्फ बांडा पिता भगवान सिंह निवासी शिवकंठ नगर बाणगंगा इंदौर व अभिषेक पंवार उर्फ भय्यू पिता दूलेसिंह निवासी भगतसिंह नगर बाणगंगा इंदौर का होना बताया , आरोपियों की तलासी लेते आरोपी के पास से 1 मोबाइल मिला जिसके संबंध मे बिल पूछते नही होना बताया। दोनो आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर 7 अन्य मोबाईल और मिले जिसके संबंध मे आरोपी द्वारा बताया की इंदौर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में राह चलते व्यक्ति जो मोबाईल से बात करते है उनके पिछे से मोटरसाइकल से आकर मोबाईल स्नैचिंग करना कबूला एवं दोनो आरोपी द्वारा परदेशीपुरा चौराहा सिटी बस स्टॉप के पास से मोबाईल स्नैचिंग करना भी कबुला।

झाड़-फूंक से इलाज का झांसा देकर लकवा पीड़िता से दुष्कर्म

नगर प्रतिनिधि

इंदौर। इंदौर में एक लकवा मरीज से दरिंदगी का मामला सामने आया है। इलाज की आस में आई महिला की अस्मत झाड़-फूंक करने वाले ने ही लूट ली। ढोंगी बाबा ने महिला के पति को टोटका करने के लिए घर से 10 किलोमीटर दूर भेज दिया। फिर महिला के साथ दुष्कर्म किया। असहाय महिला उसका विरोध भी नहीं कर सकी। महिला को धमकी दी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो वह झाड़-फूंक से सबको खत्म कर देगा।

बाद में जब पति टोटका करके आया तो पत्नी ने उससे पूरी घटना बयां कर दी। दोनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपी ढोंगी आसिफ बाबा फरार है। टीई इंद्रेश त्रिपाठी के मुताबिक, बड़वानी जिले की महिला 2 साल से लकवा से परेशान है। उसे गांव के ही पहचान वाले ने सलाह दी थी कि एक बार कहीं झाड़-फूंक करवा ले। किसी ने इंदौर के आजाद नगर में रहने वाला आसिफ बाबा का उसे पता दिया। आसिफ झाड़-फूंक से बीमारियां दूर करने का दावा करता था। महिला, पति और दो बच्चों समेत इंदौर के आजाद नगर इलाके में रहने वाले आसिफ बाबा के घर पहुंची। बाबा ने झाड़-फूंक से परेशानी दूर करने का दावा किया। झाड़-फूंक के बाद एक पोटली बनाकर पीड़िता के पति को दे दी और उसे क्रियास्थल से 10 किलोमीटर दूर फेंककर आने को कहा था। आरोपी ने महिला को रेप के बारे में पति को भी बताने से मना किया था। धमकाया कि यदि किसी को बताया तो वह झाड़-फूंक से उसके पूरे परिवार को खत्म कर देगा।

पुलिस के पहुंचते ही आसिफ बाबा फरार हो गया। बताया जा रहा है कि वह पहले छोटे-मोटे काम किया करता था। 5 साल पहले अजमेर गया था। वहां से लौटा तो बाबा बन गया। झाड़-फूंक से लोगों के इलाज के दावे करने लगा।

विधवा महिला से छेड़छाड़

एमआईजी पुलिस ने एक विधवा महिला की शिकायत पर एक मनचले के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकाने के धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोपी का नाम नवीन यादव निवासी श्याम नगर एनेक्स है। उसके खिलाफ एक महिला ने पुलिस से शिकायत की पीड़िता ने बताया कि लोक समिति के पास अंबेडकरनगर में किसी काम से आई थी । तभी आरोपी ने आकर गलत नियत से उसके साथ छेड़छाड़ की। दरअसल आरोपी और पीड़ित पुराने परिचित है । आरोपी लगातार उस पर अनैतिक दबाव बनाता है। कल भी उसने इसी तरह की हरकत की। पीड़िता ने उसे फटकारा तो आरोपी धमकाते हुए भाग निकला।



रेड लाइट में पकड़ाई बस के 46 ई- चालान लंबित

इंदौर। पुलिस उपायुक्त, यातायात प्रबंधन के सामने होमगार्ड चौराहा से एक बस रेड सिंग्नल का उल्लंघन करते हुये निकली, तत्काल ही वायरलेस से प्रसारण कर उस बस को अगले चौराहे पिपल्याहाना पर तैनात अधिकारी को बोलकर रूकवाया गया तथा उसका रेड लाईट उल्लंघन का चालान तैयार गया । उक्त बस पूर्व मे भी रेड लाईट उल्लघंन के 46 ई-चालान लंबित है । बस चालक को अभी तक के लंबित सभी चालानो को जमा करने हेतु कहा गया परंतु चालक द्धारा समन शुल्क की राशि जमा नही करने पर, बस को थाना खडा किया गया ।

पिता के घर जाकर खा लिया जहर

इंदौर। एक युवक ने अपने पिता के घर जाकर जहर खा लिया। बेटा दूसरी महिला के साथ रहता है। बेटे का कहना था कि उन्हें रहने को घर नहीं मिल रहा और पिता दूसरा घर बसा कर रहा है। मामला रुस्तम का बगीचा का है । जहर खाने वाले युवक का नाम रजत पिता तेजू है । रजत गोमा की फेल की झोपड़ी में रहता है । जबकि उसके पिता रुस्तम के बगीचे में । कल वह अपने पिता के घर गया और वहीं पर जाकर जहर खा लिया। उसने आरोप लगाया कि पिता ने बरसों पहले एक अन्य महिला को रख लिया है। वह उनके साथ ऐसो आराम का जीवन जी रहे हैं। जबकि बच्चों को रहने के लिए घर भी नहीं मिल रहा है। वह अपने पिता के घर की मांग कर रहा था।

तीसरे दिन भी नजर आया बर्फबारी का असर

धूप निकलने से मिली राहत, उत्तरी पूर्वी हवाओं ने घोली फिजा में ठंडक



इंदौर। जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड में हो रही बर्फबारी का असर शहर के मौसम में लगातार तीसरे दिन बुधवार को भी नजर आया। रात के तापमान में लगातार पांचवे दिन गिरावट दर्ज की गई है। इस सीजन के तीसरे और लगातार दूसरा तीव्र शीतल दिन (सीवियर कोल्ड डे) के बाद आज सुबह धूप निकलने से लोगों ने राहत महसूस की। शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 7.1 डिग्री सेल्सियस था, वहीं दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 12 डिग्री कम होकर आंकड़ा 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

12 से 15 किलोमीटर की रफ्तार से चल रही उत्तर-पूर्वी हवाओं के कारण फिजा में ठंडक घुली हुई है। मौसम विज्ञानी रणजीत वानखेड़े के मुताबिक अगले दो दिन ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं है। इसके बाद कुछ राहत के आसार बनेंगे। जनवरी माह का जलवायु लक्षण सामान्यतः दिसंबर माह के समान ही होता है। जनवरी माह का सामान्यतः न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस होता है जबकि 26 से 28 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहता है। दिन गरम तथा अरामदायक होते हैं। दोपहर के बाद हवाएं पश्चिम या उत्तर पश्चिम से आती प्रतीत हो रही है। इस माह की औसत वर्षा 05.6 मिमी है, किन्तु ऐसे भी अवसर आए जब अधिक वर्षा अंकित की गई है ।

धोखाधड़ी के आरोपी के पास मिला फर्जी अधिमान्यता प्राप्त प्रेस कार्ड

इंदौर। इंदौर में इंग्लैंड से आए डॉक्टर के साथ डेढ़ करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी गिरफ्तार किया है जिसके पास मध्यप्रदेश अधिमान्यता प्राप्त राज्य स्तरीय फर्जी प्रेस कार्ड मिला है। जिसे जनसंपर्क कार्यालय फर्जी बताया है। आरोपी फर्जी अधिमान्यता का प्रेस कार्ड लेकर लोगों को धमका था।

दरअसल पूरा मामला कनाडिया थाना क्षेत्र का है। जहां पर यदि डॉक्टर सुदर्शन भंडारी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि प्रॉपर्टी व्यापारी गोपाल खंडेलवाल, धीरज यादव ,असगर मंसूरी ने प्लाट में निवेश के नाम पर करोड़ों की भूमि बेचकर अनुबंध कराया था जिसके जिनके द्वारा विभिन्न खातों में इन राशि को जमा कराया गया था। इसके बाद में फरियादी को एक फर्जी और अनुबंध तैयार कर सौदा निरस्त करा कर दो फर्जी चेक देकर मामला रफा-दफा करने का प्रयास किया । परिवादी की शिकायत पर पुलिस ने जांच में धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी धीरज यादव को गिरफ्तार किया । बताया जा रहा है कि धीरज यादव एक निजी संस्था का फर्जी अधिमान्यता का प्रेस कार्ड लेकर लोगों को डरा धमकता था। फिलहाल पुलिस धोखाधड़ी के मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

सड़क हादसे में सिक्योरिटी गार्ड की मौत

इंदौर। पालदा इलाके में कल हुए एक सड़क हादसे में एक सिक्योरिटी गार्ड की जान चली गई। वह गमी में शामिल होने के लिए जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम पन्ना लाल पिता घनश्याम निवासी श्याम नगर चापड़ा बागली देवास है। पालदा नाका भंवरकुआं के नजदीक कल सड़क हादसे में उसकी जान चली गई।

नशा बेचने वाले व नशा करने वाले सहित 8 आरोपी गिरफ्तार

इंदौर। थाना विजय नगर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र जहाँ स्टूडेंट एवं कामकाजी युवक रहते है, मुखबिर लगाये गये जिनसे सूचना मिली कि क्षेत्र के स्कीम नं.54 में कुछ फ्लेट में कुछ स्टूडेंट नवयुवक आते है तथा संदिग्ध गतिविधि चल रही है । सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिश देने पर 6 युवकों को पकडा जो गाँजे के नशे में थे, पूछताछ पर उनसे जानकारी मिली कि उन्हे गाँजा पीने के लिये देवेश और गगन उपलब्ध करवाते है। दो युवकों को पकडा पूछताछ पर युवकों के नाम देवेश राज पिता प्रेमशंकर श्रीवास निवासी स्कीम नं.54 इंदौर तथा गगन पिता कन्हैयालाल लोदवाल उम्र 37 साल निवासी स्कीम नं.74 इंदौर का बताया तथा उनके कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम गाँजा मिला पूछताछ पर उसने बताया कि देवेश किराये पर फ्लेट लेकर स्टूडेंट, कॉल सेंटर में काम करने तथा पूल क्लब में स्नूकर खेलने वालों से दोस्ती कर उन्हे नशे की लत लगवाकर उन्हे सप्लाई कर नशा करवाते है । आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर पूछताछ की जा रही है ।

पांच करोड़ की धोखाधड़ी

कारोबारी की शिकायत पर केस दर्ज

इंदौर। पांच करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। भंवरकुआ पुलिस ने बताया कि मेसर्स अग्रवाल सोया एक्सट्रेक्ट प्रा.लि. कंपनी के तीन संचालकों के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना का मामला दर्ज किया है।

खंडेलवाल नगर नौलखा के नवनीत विनोद गर्ग (41) ने थाने में आवेदन दिया था, जिसकी जांच थानेदार आनंद राय ने की। राय ने सचिन पिता जयराम गोयल (45) निवासी मंगलमूर्ति नगर व अन्य के बयान लिए। गर्ग ने आवेदन के साथ दस्तावेज भी दिए। इसमें बताया कि उसकी केशव इंडस्ट्रीज प्रा.लि. कंपनी है, जिसमें वो डायरेक्टर है। कंपनी खाद्य तेल बनाती है। इसके लिए चावल की खली खरीदना पड़ती है। 2015 से उनके मेसर्स अग्रवाल सोया एक्सट्रेक्ट प्रा.लि. कंपनी के संचालक दीपक सिंघल से संबंध थे। उसी से माल लेते थे। इसके लिए उन्होंने बैंक से लेटर ऑफ क्रेडिट ली थी।

आरोप है कि दीपक पिता गोपालदास सिंघल, गोपालदास सिंघल और शालिनी सिंघल ने फर्जी बिल्टी और कूटरचित दस्तावेजों बैंक में लगाकर 4 करोड़ 97 लाख रुपए हड़प लिए। धोखाधड़ी में इनकी कंपनी का मैनेजर योगेन्द्र जैन भी शामिल है। पुलिस ने एफआईआर में आरोपी के रूप में केवल दीपक का नाम दर्ज किया।

शोरूम में तोड़फोड़, कर्मचारी से भी की मारपीट

इंदौर। खजराना इलाके में एक शोरूम में दो बदमाशों ने गुंडागर्दी करते हुए वहां जमकर तोड़फोड़ की है । पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश कर रही है। खजराना पुलिस के अनुसार फरियादी नंदू बड़खाने निवासी शिवबागकॉलोनी की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ शोरूम में घुसकर अडी बाजी और तोड़फोड़ की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि वह अग्रवाल शोरूम में काम करता है । कल वह शोरूम पर अकेला था। उसी समय दो अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे । बेवजह ही उन्होंने विवाद शुरू किया और मारपीट शुरू कर दी ।

होटल में तोड़फोड़ मचाई

इंदौर। तुकोगंज इलाके की एक होटल में कल तोड़फोड़ हुई है । दरअसल आरोपी वहां कमरा मांग रहे थे। शादी समारोह की वजह से कमरे खाली नहीं थे। इसी बात पर आरोपियों ने विवाद करते हुए तोड़फोड़ कर दी । तुकोगंज थाने में फरियादी रवि देवांग निवासी मालवा मिल की शिकायत पर आरोपी सुमित ठाकुर और अमित ठाकुर के खिलाफ तोड़फोड़ और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है । रवि देवांग ने बताया कि वह होटल दिव्य पैलेस मालवा मिल में काम करता है । वहां तोमर परिवार के शादी का कार्यक्रम चल रहा था। आरोपियों ने उसे दौरान एक कमरे की मांग की कमरा खाली नहीं होने से उन्हें मना किया गया। इसी बात पर वह नाराज हो गए और विवाद करते हुए होटल में तोड़फोड़ कर डाली।

सिंधी एवं पंजाबी समुदाय का प्रमुख पर्व लाललोई आज

जयरामपुर कॉलोनी में होगा कार्यक्रम



इंदौर। सिंधी और पंजाबी समुदाय का प्रमुख पर्व लाललोई,लोहड़ी उत्सव 13 जनवरी को मनाया जाएगा। जयरामपुर कॉलोनी बगीचे के पास विगत 36 वर्षों से इस पर्व को बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन समाज की महिलाएं व्रत उपवास रखकर समाज व परिवार के कल्याण की कामना करती है,लोई की विशेषता हमेशा प्रदूषण रहित की रहती है। लकड़ी का उपयोग कम से कम कर गोबर के कंडो और घास की पिंडियो का इस्तेमाल किया जाता है,शाम को लोई सजाई जाती है रात में समाज के महिला पुरुष एकत्रित होकर लोई की पूजा करते है कन्याओं और छोटे बच्चों द्वारा लोई को अग्नि दी जाती है,समाजजन लोई के चारो और परिक्रमा करते हुए ढोलक की थाप पर खुशी के गीत गाकर नाचते झूमते है,साथ ही लोई में अखा एवम लाजा(चना,चिरौंजी, बताशा,परमल,रेवड़ी,नारियल) का प्रसाद चढ़ाकर पल्लव अरदास कर सुख समृद्धि की कामना करते है,प्रसाद वितरण के साथ ही एक दूसरे को बधाई दी जाती है,इसके बाद देर रात में उत्सव का समापन होता है

सार्वजनिक महोत्सव समिति के सचिव अनिल आगा ने बताया कि इसके दूसरे दिन यानी 14 जनवरी को सिंधी समाज द्वारा तिरअमुरी का त्योहार मनाया जाएगा,इस दिन समाज की बहन,बेटियों के घर तिल गुड़ के बने व्यंजनों को भेजा जाता है,यह त्योहार भी अपने आप मे विशेष महत्व रखता है।

रेलवे पटरी पर मिली कोरियर बॉय की लाश

इंदौर। हीरा नगर इलाके में रेलवे पटरी पर एक कूरियर बॉय की लाश मिली है। उसका शव जब मिला उससे थोड़ी देर पहले ही उसने अपने घर वालों से बात की थी । वह एटीएम से पैसे निकाल रहा था । उसने खुदकुशी की है या किसी साजिश का शिकार हुआ है पुलिस इसकी जांच कर रही है । हिरा नगर पुलिस के अनुसार मृतक का नाम सुशील उर्फ साहिल पिता सुरेश निवासी स्कीम नंबर 78 है । कल एमआरटेन ब्रिज के नजदीक रेलवे पटरी पर उसकी लाश मिली है। लाश ट्रेन से कट गई थी। परिजन अविनाश ने बताया कि सुशील एक कोरियर कंपनी में काम करता था । उसने कल घरवालों को फोन किया और बताया कि एटीएम से पैसा निकाल रहा है । बाद में उससे बात नहीं हुई। फिर फोन आया कि उसका शव एमआरटेन ब्रिज के नीचे पड़ा हुआ है । पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, धार (मप्र)

क्रमांक14/38/2022 धार दिनांक 05/01/2022

जाहिर सूचना

वाहन क्रमांक MP11 AB 6939, ट्रैक्टर वाहन स्वामी का नाम गेंदालाल S/D/W बुद्धाजी निवासी ग्राम भिडोता खुर्द, जिला धार मप्र का होकर वाहन स्वामी स्वर्गलोक दिनांक 20/08/2016 को हो चुकी है तथा इनकी वारिस धर्मपत्नी श्रीमती शैतानबाई पति स्व. गेन्दालालजी निवासी ग्राम अनारद तलाई, जिला धार मप्र के नाम पर पंजीकृत होना है एवं इनके द्वारा उक्त ट्रैक्टर के स्वामी अन्तरण हेतु परिवहन कार्यालय धार में निर्धारित प्रारूप-31 में आवेदन प्रस्तुत कर परिवार के अन्य सदस्यों की आवेदन प्रस्तुत कर शपथ पत्र पर सहमति प्रस्तुत कर स्वामित्व का अन्तरण चाहा है। उक्त आम जाहिर सूचना सात दिवस में उक्त ट्रैक्टर MP11 AB 6939, में कोई आपत्ति एतराज हो तो कार्यालय में कार्यालयीन समय में नियमानुसार प्रस्तुत करे सात दिवस पश्चात नियमानुसार स्वामित्व अन्तरण कर दिया जावेगा।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी
जिला धार (मप्र)

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग धार

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन/भूखण्ड क्रमांक 182 एलआयजी न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी बडवानी में नीलेश सोनी पिता श्री नैनसुख सोनी को आवंटित/ नामांतरित किया गया है। आवंटी ने उक्त भवन/भूखण्ड/दुकान संयुक्त शपथ पत्र विक्रय अनुबंध/विक्रय विलेख से दिनांक 19.11.2020 को फरजाना शेख पिता श्री अजीज शेख एवं श्री अजीज शेख पिता श्री रशीद शेख को विक्रय कर दिया गया है तथा इस कार्यालय में नामांतरण हेतु आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था से कोई आपत्ति हो या भूखण्ड कही रहन, गिरवी, बंधन अन्य दान या विक्रय किया हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति लिखित रूप से मय ठोस प्रमाण के प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा उक्त भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की आगामी कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग धार

प्रोजेक्ट सी कॉप का पांचवा चरण संपन्न

इंदौर। डॉ. वरुण कपूर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आरएपीटीसी, इंदौर द्वारा साइबर सुरक्षा शिक्षा अभियान के तहत शहर के विभिन्न प्रमुख स्कूलों के शिक्षकों को साइबर सुरक्षा में प्रशिक्षित कर उन के माध्यम से विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाभान्वित करने के उद्देश्य से अगस्त 2021 से लगातार प्रतिमाह दो दिवसीय विशेष प्रोजेक्ट सी कॉप आरएपीटीसी, इंदौर में प्रारंभ किया गया है । इस प्रोजेक्ट के तहत अभी तक आयोजित 4 चरणों में कुल 41 स्कूलों के 170 शिक्षकों को विशेष टीम द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है।



इस विशेष प्रोजेक्ट सी कॉप के तहत वर्ष -2022 में कल पांचवें चरण के दो दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस पांचवें चरण में चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल, सैंट नॉरबर्ट स्कूल, शासकीय मालव नवीन गर्ल्स स्कूल, जी.डी. गोयंका स्कूल, इंदौर पब्लिक स्कूल, स्वामी विवेकानंद शासकीय आदर्श हा.से. स्कूल, प्रेस्टीज पब्लिक स्कूल, द न्यू एरा पब्लिक स्कूल, एम.पी. पब्लिक स्कूल, विद्यासागर स्कूल इत्यादि 10 स्कूलों के 36 शिक्षकों ने भाग लिया । इस प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले शिक्षकों मयूर जेठानी-चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर एवं अन्नपूर्णा कुलकर्णी-प्रेस्टीज पब्लिक स्कूल, इंदौर को प्रशिक्षण के समापन पर डॉ. वरुण कपूर द्वारा हर बार की तरह गोल्डन बैंज से सम्मानित किया गया ।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संतोष कुमार वशिष्ठ पिता श्री शिव कुमार वशिष्ठ द्वारा उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक प्लाट नं. 61 स्कीम नं. 54 सेक्टर-ए, टाईप-बी, इंदौर (म.प्र.) पर विकास योजना 2021 में निर्मित उपयोग नियमन की कन्डिका 6.10.4 के बिन्दु क्रमांक 5 में अंकित प्रावधान अनुसार निर्मित उपयोग हेतु 74.75 वर्गमीटर पर व्यवसायिक उपयोग हेतु भवन अनुज्ञा प्रस्ताव किया जा रहा है। उक्त के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से सात दिवस में भवन अनुज्ञा अधिकारी, आई.एम.सी. झोन क्रमांक-07 के कार्यालय (भवन अनुज्ञा शाखा) में प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात् यह माना जायेगा कि किसी को कोई आपत्ति नही है तथा नगर निगम द्वारा प्रस्ताव अनुसार भवन अनुज्ञा जारी करने की कार्यवाही की जावेगी।

ARCH. / STR. ENG./ ENG. SUV
NITIN - BAJ
लायसेंस नम्बर IMC-ARCH-07

GODHA CABCON& INSULATION LIMITED

CIN: L31909MP2016PLC041592
Register Office:- 36-D, Sector -B, Sanwer Road, Industrial Area, Indore (MP)
E-Mail:- info@godhacabcon.com Website: www.godhacabcon.com

RESULTS OF POSTAL BALLOT (INCLUDING E-VOTING)

It is hereby notified that pursuant to Section 110 of the Companies Act, 2013 read with applicable Companies (Administration & Management) Rules, 2014, Regulation 44 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and in terms of the Postal Ballot Notice dated December 11,2021 to the members, consent of the members was sought for passing of the Resolutions.

Based on the Scrutinizer's Report dated January 12, 2022 the details of the results of the Postal Ballot (including e-voting) are as under:

Item No of the Notice	Particulars	Total No of shares	No. of votes Polled	Total Votes cast in favour		Total Votes cast against	
				No. of shares	% of votes cast in favour on votes polled	No. of shares	% of votes cast against on votes polled
1	Increase in Authorized Share Capital of the Company and consequent Alteration in Capital Clause of the Memorandum of Association of the Company	11104000	8110999	8110999	100%	0	0%
2	Issue of Bonus Shares	11104000	8110999	8110999	100%	0	0%

As per the results of the Postal Ballot/ E-voting the resolutions have been passed with requisite majority.

The result of the Postal Ballot has been displayed on the Notice Board at the Registered Office of the Company, communicated to the Stock Exchange and has also been posted on the website of the Company along with scrutiniser's report.

Registered office:
36-D, Sector B Sanwer Road, Industrial Area Indore MP 452006
Place: Indore
Date: January 12, 2022

By order of the Board
Godha Cabcon & Insulation Limited
Rahul Verma
Company Secretary